# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में AMC के ₹651 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

## मोदी जी ने प्रधानमंत्री सोलर रूफ-टॉप योजना शुरू की है, जिसमें बिजली की बचत होगी और खर्च भी बहुत कम हो जायेगा

## आज राणीप से 350 से अधिक सोसायटियों में बारिश के पानी के संचय के लिए बावड़ी निर्माण का काम शुरू हो रहा है

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमेशा 25 साल आगे की सोच के साथ योजनाएं बनाते हैं

## बावड़ी निर्माण और सोलर रूफ-टॉप योजना आने वाले समय में पृथ्वी के तापमान, जलवायु परिवर्तन और पानी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं

## अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने राणीप में सड़क का निर्माण किया है, जिससे इस क्षेत्र का परिदृश्य ही बदल जायेगा

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी का इस क्षेत्र में होने वाले अनेक विकास कार्यों के लिए हृदय से आभार

प्रविष्टि तिथि: 23 JAN 2025 8:58PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (AMC) के ₹651 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज राणीप में यहां के निवासियों की सबसे बड़ी समस्या का हल होने जा रहा है। अब सड़क के दोनों ओर नारायणपुरा, वाडज, राणीप, चांदलोडिया और घाटलोडिया की जनता के लिए अम्यूजमेन्ट पार्क और मार्केट शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने राणीप के लिए एक बड़ी राशि खर्च कर यहां बड़ी सड़क का निर्माण किया है, जिससे इस क्षेत्र का परिदृश्य ही बदल जायेगा।




श्री अमित शाह ने कहा कि इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास वर्ष 2029 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यहां चैनपुर और डी केबिन में वर्षों से लंबित विकास कार्यों का भी लोकार्पण हुआ है, जिससे अब राणीप, नवा राणीप, चैनपुर, डी केबिन के बीच की दूरी बहुत कम हो जाएगी। आज 350 सोसायटियों में बारिश के पानी के संचयन के लिए उलटे कुंए यानि बावड़ी का काम राणीप से शुरू हो रहा है। इसके लिए किसी भी सोसायटी को कोई खर्चा नहीं करना होगा बल्कि केन्द्र, राज्य सरकार और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मिलकर पानी बचाने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री सोलर रूफ-टॉप योजना शुरू की है, जिसमें बिजली तो बचती ही है, साथ ही खर्च भी बहुत कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर के सभी निवासियों को बावड़ी और सोलर रूफ-टॉप अपनाना चाहिए।




केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमेशा 25 साल आगे की सोच के साथ योजनाएं बनाते हैं। इसी के तहत आने वाले समय में पृथ्वी के तापमान, जलवायु परिवर्तन और पानी की जरूरतों को ध्यान में रखकर यह योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आज यहां बालिकाओं को दूध देने की योजना की भी शुरूआत की गई है। श्री शाह ने कहा कि आंगनवाडी में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के लिए पोषणयुक्त आहार की व्यवस्था सरकार करती है लेकिन सभी लोगों को आगे आकर एक-एक आंगनवाडी को गोद लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत आंगनवाड़ी को लोगों ने गोद ले लिया है और वे इस योजना का खर्च उठाने के लिए तैयार हुए हैं।



श्री अमित शाह ने कहा कि आज यहां अनेक विकास कार्य हुए हैं जिनके लिए हम सभी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहा कुंभ अपने आप में अनोखा है और कई लोगों के जीवन में ये अवसर एक ही बार आता है। गृह मंत्री ने लोगों से कहा कि वे अवसर मिलने पर महाकुंभ में जरूर जाएं और विश्व के सबसे बड़े मेले में जाने का आनंद और रोमांच की अनुभूति करें।

*****

**राज / विवेक / राजीव / प्रियभांशु**

(रिलीज़ आईडी: 2095621) आगंतुक पटल : 247

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English